# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–09.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- 125वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये भगवान बिरसा मुंडा, प्रधानमंत्री ने कहा–उनका बलिदान और समर्पण देश को प्रेरित करते रहेंगे, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दी श्रद्धांजलि।
- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आदिवासी अस्मिता के सवाल पर राज्य सरकार पर फिर साधा निशाना, कहा– राज्य में एक और उलगुलान की जरुरत, झामुमो ने आरोपों को किया खारिज।
- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में टीएसी की तर्ज पर अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद और हरिजन राज्य आयोग के गठन की मांग दोहरायी, कांग्रेस ने 11 जून को बुलायी अनुसूचित जाति विभाग की बैठक।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लोहरदगा से भाकपा माओवादी का एक हार्डकोर सदस्य गिरफ्तार, हजारीबाग में डिटेंशन सेंटर से तीन बांग्लादेशी नागरिक फरार। और,
- मौसम विभाग ने राज्य में 11 से 13 जून तक तेज बारिश का जताया पूर्वानुमान, कल रांची समेत 15 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी।

*******************

आज भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा को उनके शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपना जीवन आदिवासी भाई–बहनों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि उनका बलिदान और समर्पण देश के लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

*******************

इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्रियों और नेताओं ने रांची के बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य के अन्य जिलों में भी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी गयी। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन को सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में आदिवासी अस्मिता को लेकर राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा। उन्होंने दोहराया कि राज्य में आदिवासी पहचान को खतरा है और ऐसे में पूरे प्रदेश में एक और उलगुलान की जरुरत है।

*******************

इधर, झामुमो ने कहा है कि राज्य में आदिवासियों की अस्मिता को कोई खतरा नहीं है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा राज्य के आदिवासियों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

*******************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में टीएसी की तर्ज पर अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के गठन की मांग पर जोर दिया है। इसके साथ ही राज्य में हरिजन आयोग की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में 11 जून को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की एक अहम बैठक बुलायी गयी है। श्री किशोर ने कहा कि राज्य में अनुसूचित जाति के साथ–साथ कमजोर तबके के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार होना चाहिए।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी से नमो ऐप पर भारत की पिछले 11 वर्षों की विकास यात्रा पर सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह किया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने एक पोर्टल का लिंक भी साझा किया। यहां कोई भी व्यक्ति पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा के बारे में जन मन सर्वेक्षण में भाग ले सकता है।

*******************

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने आर्थिक पुनरुद्धार, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का नया युग देखा है। श्री शाह ने कहा कि ये ऐतिहासिक 11 वर्ष जनसेवा के प्रति संकल्प, समर्पण और निष्ठा के स्वर्णिम युग रहे हैं।

*******************

प्रदेश के डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद करने बाद राज्य सरकार इसका समाधान तलाशने में लगी है। मुख्यमंत्री की ओर से इस मामले में गठित कमिटी की आज रांची में बैठक हुई। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की अगुवाई में हुई बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी हाल में छात्र–छात्राओं का साल बर्बाद नहीं होने दिया जायेगा।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षाबलों को एक और सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से  जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरडीह गांव से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के एक हार्डकोर नक्सली ललिंदर महतो को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

*******************

हजारीबाग में डिटेंशन सेंटर से तीन बांग्लादेशी नागरिक फरार हो गए हैं। इन तीनों बांग्लादेशी को झारखंड के अलग–अलग जेल से हजारीबाग के डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। पुलिस जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर रही है। इस बीच उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सेंटर की छानबीन की।

*******************

राज्य में कोरोना के मामले सामने आने के बाद धनबाद में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के द्वितीय जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रतीक चतुर्वेदी की अदालत ने आज दोहरे हत्याकांड में तीन आरोपितों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। सभी दोषियों पर 50–50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

- साहिबगंज जिले में पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सात देसी राइफल भी बरामद किये गये। एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने दो अपराधियों को लूटे गये जेवरात के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

- गुमला की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आज  सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के निर्देश दिये।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य में 11 से 13 जून तक तेज बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार कल भी  रांची समेत राज्य के 15 जिलों में बारिश और वज्रपात हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अब भीषण गर्मी पड़ने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि जल्द ही मानसून का प्रवेश भी राज्य में हो जायेगा।

*******समाप्त********